Microsoft®

Excel 2003 से Excel 2010 में माइग्रेट करना

इस मार्गदर्शिका में

Microsoft Excel 2010 में Excel 2003 से बहुत भिन्नता दिखाई देती है, इसलिए सीखने की कठिनाइयों को कम करने में आपकी मदद के लिए यह मार्गदर्शिका बनाई. नए इंटरफ़ेस के मुख्य भागों को जानने के लिए, नि:शुल्क Excel 2010 प्रशिक्षण खोजने के लिए, मुद्रण पूर्वावलोकन या विकल्प संवाद बॉक्स जैसी सुविधाएँ ढूँढने के लिए, जिन लोगों के पास अभी तक Excel 2010 नहीं है उनके साथ कार्यपुस्तिका फ़ाइलों का आदान प्रदान कैसे करें, ये समझने के लिए, और ऐड-इन कैसे सक्षम करें इसका पता लगाने के लिए या मैक्रो और उन्नत सुविधाओं तक पहुँचने के लिए पढ़ें.

त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी

यहाँ दिखाए गए आदेश हमेशा दृश्यमान होते हैं. आप इस उपकरण पट्टी में अपने पसंदीदा आदेशों को जोड़ सकते हैं.

रिबन टैब

टैब के बटन और आदेशों को प्रदर्शित करने के लिए रिबन पर किसी भी टैब पर क्लिक करें.

रिबन समूह

प्रत्येक रिबन टैब में समूह शामिल हैं और प्रत्येक समूह में संबंधित आदेशों का सेट शामिल है. यहाँ, **मुखपृष्ठ** टैब पर **संख्या** समूह में मुद्रा, प्रतिशत और ऐसी ही संख्याएँ प्रदर्शित करने के लिए आदेश शामिल हैं.

Backstage दृश्य

Backstage दृश्य में प्रविष्ट होने के लिए **फ़ाइल** टैब पर क्लिक करें, जहाँ आप अपनी Excel फ़ाइलें खोल, सहेज, मुद्रित और प्रबंधित कर सकते हैं.



Backstage दृश्य से बाहर आने के लिए, किसी भी रिबन टैब पर क्लिक करें.



प्रासंगिक रिबन टैब

कुछ टैब्स केवल आपकी आवश्यकता होने पर ही रिबन पर दिखाई देते हैं. उदाहरण के लिए, अगर आप चार्ट सम्मिलित या चयनित करते हैं, तो आपको **चार्ट उपकरण** दिखाई देंगे, जिनमें तीन अतिरिक्त टैब शामिल हैं – **डिज़ाइन**, **लेआउट** और **स्वरूप**.

संवाद बॉक्स लॉन्चर्स

यदि आपको कोई संवाद बॉक्स लॉचर आइकन ( ) किसी रिबन समूह लेबल के आगे दिखाई देता है, तो उस समूह के लिए और अधिक विकल्पों के साथ संवाद बॉक्स को खोलने के लिए उसे क्लिक करें.

दृश्यों के बीच स्विच करें

वर्तमान कार्यपत्रक को **सामान्य**, **पृष्ठ लेआउट** या **पृष्ठ विराम पूर्वावलोकन** दृश्य में प्रदर्शित करने लिए इन बटनों पर क्लिक

ज़ूम इन या ज़ूम आउट करें

ज़ूम स्तर का चयन करने के लिए **100%** ज़ूम बटन पर क्लिक करें या ज़ूम स्लाइडर को दाईं या बाईं ओर खींचे.

रिबन छुपाएँ

आपके स्क्रीन पर अधिक स्थान की आवश्यकता है? रिबन छुपाने या दिखाने के लिए इस चिह्न पर क्लिक करें या CTRL+F1 दबाएँ.

Microsoft® Office

© 2010 Microsoft Corporation द्वारा.

सर्वाधिकार सुरक्षित.

Microsoft®

Excel 2003 से Excel 2010 में माइग्रेट करना

Excel 2010 से कैसे प्रारंभ करें

यदि आप काफी समय से Microsoft Excel 2003 का उपयोग कर रहे हैं तो Excel 2010 में Excel 2003 के आदेश और उपकरण पट्टी बटंस को कहाँ ढूँढें, इस बारे में निस्संदेह आपके पास प्रश्न होंगे.

हमारे पास Excel 2010 सीखने में आपकी मदद के लिए, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और मेनू से लेकर रिबन मार्गदर्शिकाओं सहित कई नि:शुल्क संसाधन उपलब्ध हैं. इन सामग्रियों को खोजने के लिए, मुख्य प्रोग्राम विंडो में **फ़ाइल** टैब पर क्लिक करें, और फिर **मदद** पर क्लिक करें. उसके बाद, **समर्थन** के तहत **प्रारंभ करना** पर क्लिक करें.



खुलने वाले वेब पेज पर, अपनी रुचि के आइटम्स के लिंक्स पर क्लिक करें. विशेष रूप से, सहभागी मेनू-से-रिबन मार्गदर्शिका वस्तुतः समय बचाने वाली है. जब आप किसी Excel 2003 आदेश पर क्लिक करते हैं, तो यह आपको दिखाता है कि Excel 2010 में वह आदेश वास्तव में कहाँ स्थित है.

मेरे मेनू और उपकरण पट्टियाँ कहाँ हैं?

Excel 2010 में, एक विस्तृत बैंड मुख्य प्रोग्राम विंडो के ऊपरी भाग को फैलाता है. यह रिबन है और यह पुराने मेनू और उपकरण पट्टी के स्थान पर आती है. रिबन पर प्रत्येक टैब में भिन्न बटन और आदेश होते हैं जो रिबन समूहों में व्यवस्थित होते हैं.

जब आप Excel 2010 खोलते हैं, तो रिबन का **मुख पृष्ठ** टैब प्रदर्शित होता है. इस टैब में Excel में प्राय: बार-बार उपयोग किए जाने वाले कई आदेश शामिल होते हैं. दूर दाईं ओर के आदेशों पर ध्यान दें - उदाहरण के लिए, वे जो **कक्षों** या **संपादन** समूहों में मिलते हैं. इन्हें पहली नजर में देखने में चूक हो सकती है. **कक्ष** समूह में, आपको पत्रक, पंक्तियाँ और स्तंभ सम्मिलित करने, हटाने और स्वरूपण के लिए आदेश प्राप्त होंगे. **संपादन** समूह में ठीक इसके पास, आपको कक्ष भरने और साफ करने के आदेशों के साथ-साथ **स्वतःयोग** बटन भी मिलेगा.



रिबन आपके कंप्यूटर के स्क्रीन आकार और रिज़ॉल्यूशन को फ़िट करने के लिए अपना प्रकटन समायोजित करता है. हो सकता है कि छोटे स्क्रीनों पर, कुछ रिबन समूहों के केवल समूह नाम प्रदर्शित हों, उनके आदेश नहीं. उस स्थिति में, आदेशों को प्रकट करने के लिए, सामान्य रूप से समूह बटन पर छोटे तीर पर क्लिक करें.

Microsoft®

Excel 2003 से Excel 2010 में माइग्रेट करना

वस्तुएँ, हो सकता है जिन्हें आप ढूँढ रहे हैं

कुछ सामान्य और सुपरिचित वस्तुएँ जो आप Excel 2010 में ढूँढ रहे हैं उन्हें खोजने के लिए नीचे दी गई तालिका देखें. हालाँकि यह सूची व्यापक नहीं है, लेकिन यह प्रारंभ करने के लिए अच्छा स्थान है. Excel 2010 आदेशों की पूर्ण सूची ढूँढने के लिए, **फ़ाइल** टैब पर क्लिक करें, **मदद** पर क्लिक करें और फिर **प्रारंभ करना** पर क्लिक करें.

प्रति...	क्लिक करें...	और तब इसमें देखें...
फ़ाइलें बनाएँ, खोलें, सहेजें, मुद्रित करें, पूर्वावलोकन करें, संरक्षित करें, भेजें या कनवर्ट करें	फ़ाइल	Backstage दृश्य (इस दृश्य में बाईं ओर लिंक्स पर क्लिक करें)
कक्षों, स्तंभों, और पंक्तियों में डेटा सम्मिलित करें, हटाएँ, स्वरूपित करें या ढूँढें	मुख पृष्ठ	**संख्या, शैलियाँ, कक्ष** और **संपादन** रिबन समूह
PivotTables, Excel तालिकाएँ (पूर्व में सूचीबद्ध), चार्ट्स, स्पार्कलाइंस, हाइपरलिंक्स या शीर्षलेख और पाद लेख जोड़ें	सम्मिलित करें	**तालिका, चार्ट्स, स्पार्कलाइंस, लिंक्स** और **पाठ** रिबन समूह
पृष्ठ हाशिए और पृष्ठ विराम सेट करें, मुद्रण क्षेत्र निर्दिष्ट करें या पंक्तियाँ दोहराएँ	पृष्ठ लेआउट	**पृष्ठ सेटअप** और **फ़िट करने के लिए स्केल करें** रिबन समूह
फ़ंक्शन खोजें, नाम निर्धारित करें या सूत्रों में समस्या निवारण करें	सूत्र	**फ़ंक्शन लाइब्रेरी, निर्धारित नाम** और **सूत्र अंकेक्षण** रिबन समूह
डेटा आयात करें, किसी डेटा स्रोत से कनेक्ट करें, डेटा सॉर्ट करें, डेटा फ़िल्टर करें, डेटा मान्य करें या क्या -यदि विश्लेषण करें	डेटा	**बाह्य डेटा प्राप्त करें, कनेक्शन्स, सॉर्ट करें और फ़िल्टर करें** और **डेटा उपकरण** रिबन समूह
वर्तनी जाँचें, समीक्षा करें और संशोधन करें या कार्यपुस्तिका सुरक्षित करें	समीक्षा	**अशुद्धि जाँच, टिप्पणियाँ** और **परिवर्तन** रिबन समूह
कार्यपुस्तिका दृश्यों या सक्रिय कार्यपुस्तिकाओं के बीच स्विच करें, विंडोज़ व्यवस्थित करें, फलक फ़्रीज़ करें या मैक्रोज़ रिकॉर्ड करें	दृश्य	**कार्यपुस्तिका दृश्य, विंडो** और **मैक्रोज़** रिबन समूह

Microsoft®

Excel 2003 से Excel 2010 में माइग्रेट करना

मुद्रण पूर्वावलोकन कहाँ हैं?

Excel 2010 में, मुद्रण पूर्वावलोकन अब अलग विंडो में दिखाई नहीं देगा. इसे अन्य उपयोगी मुद्रण-संबंधित सेटिंग्स के साथ Backstage दृश्य में ढूँढें.



फ़ाइल टैब पर क्लिक करें और तब **मुदण** पर क्लिक करें. विंडो के दाईं ओर वर्तमान कार्यपुस्तिका मुद्रित करने पर कैसी दिखाई देगी, उसका पूर्वावलोकन दिखाया जाता है. यदि कार्यपुस्तिका रिक्त है, तो कोई भी पूर्वावलोकन छवि दिखाई नहीं देती है.

आप अपनी प्राथमिकताएँ फ़ाइन ट्यून करने के लिए विंडो के बाएँ किनारे का उपयोग कर सकते हैं –उदाहरण के लिए, कार्यपुस्तिका के सभी स्तंभों को एकल, मुद्रित पृष्ठ पर फ़िट करना या ओरिएंटेशन को पोर्ट्रेट से लैंडस्केप में परिवर्तित करना.

यदि आप अतिरिक्त मुद्रण विकल्प सेट करना चाहते हैं तो मुद्रण विकल्प के तहत **पृष्ठ सेटअप** लिंक पर क्लिक करें या Backstage दृश्य बंद करने और अन्य विकल्प प्रदर्शित करने के लिए रिबन पर **पृष्ठ लेआउट** टैब क्लिक करें.

उपकरण | विकल्प का क्या हुआ?

ऐसे Excel प्रोग्राम सेटिंग्स ढूँढ रहे हैं, जो आपको इस तरह की चीज़ों पर नियंत्रण देती हैं कि नई कार्यपुस्तिका में कितने रिक्त पत्रक बनाने हैं या कार्यपुस्तिका हेतु कौन सा डिफॉल्ट फॉन्ट और फॉन्ट आकार होना चाहिए?

फ़ाइल टैब पर क्लिक करें और फिर **विकल्प** पर क्लिक करें. यह **Excel विकल्प** संवाद बॉक्स खोलेगा, जहाँ आप अपनी Excel सेटिंग्स और प्राथमिकताएँ अनुकूलित कर सकते हैं.



Excel विकल्प संवाद बॉक्स में कई सेटिंग्स केवल खुली कार्यपुस्तिका या किसी विशेष कार्यपत्रक पर लागू होती हैं. अन्य विकल्प सामान्य रुप से Excel पर लागू होते हैं और सभी कार्यपुस्तिकाओं को प्रभावित करेंगे. इसके अतिरिक्त, कुछ प्राथमिकताएँ (उदाहरण के लिए, रंग योजना) आपके स्थापित किए हुए अन्य सभी Microsoft Office 2010 प्रोग्राम्स पर लागू होंगे.

Microsoft®

Excel 2003 से Excel 2010 में माइग्रेट करना

अपने पसंदीदा आदेशों को पास में ही रखें



Excel प्रोग्राम विंडो के उपर-बाएँ कोने में त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी उन आदेशों के शॉर्टकट्स उपलब्ध कराती है, जिन्हें आप प्रायः उपयोग करते हैं.

इस उपकरण पट्टी में बटन जोड़ कर, आप अपने पसंदीदा आदेशों को हर समय दृश्यमान रख सकते हैं, भले ही आप रिबन टैब्स से स्विच करें.

शॉर्टकट मेनू पर सूचीबद्ध किसी भी आदेश को चालू या बंद करने के लिए त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी के पास के ड्रॉप-डाउन तीर पर क्लिक करें. यदि आप जिस आदेश को जोड़ना चाहते हैं, वह सूची में दिखाया नहीं गया है, तो रिबन टैब पर वहाँ जाएँ, जहाँ बटन दिखाई देता है और फिर वहाँ उस पर राइट-क्लिक करें. प्रदर्शित होने वाले शॉर्टकट मेनू पर, **त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी में जोड़ें** पर क्लिक करें.



स्वयं के रिबन टैब्स या समूह बनाएँ



आप जहाँ आदेशों को प्रदर्शित करना चाहते हैं, वहाँ रिबन समूहों में बटन रख कर, या अपने कस्टम रिबन टैब्स बना कर रिबन आदेशों को अनुकूलित कर सकते हैं.

रिबन समूह पर राइट-क्लिक करें, और फिर **रिबन अनुकूलित करें** पर क्लिक करें. दिखाई देने वाले **Excel विकल्प** संवाद बॉक्स में, तब आप अपने टैब और समूह के लिए आदेशों को जोड़ सकते हैं. उदाहरण के लिए, आप **त्वरित स्वरूप** नामक टैब बना सकते हैं और तब इस टैब पर अपने पसंदीदा स्वरूपण आदेशों को एक कस्टम समूह में जोड़ सकते हैं.

यदि आप कोई ग़लती करते हैं, तो आप सभी अनुकूलनों को रीसेट करने के लिए **रीसेट** बटन का उपयोग कर सकते हैं और वापस डिफ़ॉल्ट ("फ़ैक्टरी") सेटिंग्स पर जाएँ.



सभी पुराने Excel आदेश रिबन पर प्रदर्शित नहीं होते हैं, लेकिन वे अभी भी उपलब्ध हैं. यदि इनमें से कुछ के बिना आपका काम नहीं हो सकता, तो आसानी से उन्हें रिबन या त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी पर जोड़ें.

Excel विकल्प संवाद बॉक्स में, **इससे आदेश चुनें** सूची में, **रिबन में आदेश नहीं** चयन करें. आगे, आपको जो आदेश चाहिए, उसे ढूँढें और उसे कस्टम रिबन टैब या समूह में जोड़ें.

Microsoft®

Excel 2003 से Excel 2010 में माइग्रेट करना

KeyTips का परिचय

Excel 2010 रिबन के लिए KeyTips कहलाने वाले शॉर्टकट्स प्रदान करता है, जिनसे आप अपने माउस का उपयोग किए बिना तेज़ी से कार्य कर सकते हैं.

रिबन पर KeyTips प्रकट करने के लिए, ALT कुंजी दबाएँ.

आगे, अपने कुंजीपटल का उपयोग करके रिबन पर किसी टैब पर जाने के लिए, उस टैब अंतर्गत प्रदर्शित अक्षर की कुंजी दबाएँ. ऊपर बताए गए उदाहरण में, **सम्मिलित करें** टैब खोलने के लिए आपको N दबाना होगा, **पृष्ठ लेआउट** टैब खोलने के लिए P, **सूत्र** टैब खोलने के लिए M दबाना होगा, और इत्यादि.

इस प्रकार आप एक बार किसी रिबन पर स्विच कर लेते हैं, तब उस टैब के लिए उपलब्ध सभी KeyTips स्क्रीन पर प्रदर्शित होते हैं. बाद में आप जो आदेश उपयोग करना चाहें, उसकी अंतिम कुंजी (कुंजियाँ) दबाकर अनुक्रम को पूर्ण कर सकते हैं.

किसी अनुक्रम में होने पर एक स्तर पीछे जाने के लिए ESC कुंजी दबाएँ. किसी पंक्ति में एकाधिक बार ऐसा करने से KeyTips मोड रद्द हो जाता है.

क्या कुंजीपटल शॉर्टकट अब भी काम करते हैं?

Excel 2003 के कुंजीपटल शॉर्टकट अभी भी Excel 2010 में उपलब्ध हैं. यदि आप शॉर्टकट के अनुक्रम को जानते हैं, तो आगे बढ़ें और उसे टाइप करें. उदाहरण के लिए, CTRL+C अभी भी चयनित जानकारी की क्लिपबोर्ड पर प्रतिलिपि बनाती है, CTRL+S अभी भी **इस रूप में सहेजें** संवाद बॉक्स खोलता है, ALT+F11 अभी भी Microsoft Visual Basic for Applications (VBA) संपादक खोलता है, इत्यादि.

यदि आप किसी ALT एक्सेलेरेटर कुंजी अनुक्रम से लिखना शुरू करते हैं, तो एक बॉक्स पॉप अप होता है:



यदि आप इच्छित संपूर्ण अनुक्रम को जानते हैं, तो आगे बढ़ें और उसे टाइप करना समाप्त करें. उदाहरण के लिए, ALT, T, O को एक के बाद एक दबाने से **Excel विकल्प** संवाद बॉक्स खुलता है (पूर्व में उपकरण | विकल्प). इसी तरह, ALT, T, I दबाने से **ऐड-इन्स** संवाद बॉक्स खुलता है (पूर्व में उपकरण | ऐड-इन्स), और इत्यादि.

यदि आपको कोई भी ALT कुंजी अनुक्रम याद नहीं है (या कभी नहीं सीखा), तो रद्द करने के लिए ESC कुंजी दबाएँ और इसके बजाय KeyTips का उपयोग करें.

Excel 2010 में समर्थित कुंजीपटल शॉर्टकट्स की पूर्ण सूची देखने हेतु, मदद खोलने के लिए **F1** दबाएँ, और फिर "कुंजीपटल शॉर्टकट्स" खोजें."

Microsoft®

Excel 2003 से Excel 2010 में माइग्रेट करना

जिन लोगों के पास अभी तक Excel 2010 नहीं है उनके साथ कार्य कैसे करें

Excel 2010 (और Excel 2007) कार्यपुस्तिकाएँ फ़ाइलों को सहेजने के लिए नए फ़ाइल स्वरुप का उपयोग करती हैं. यदि आप जिन लोगों साथ कार्य कर रहे हैं वे Excel के अलग संस्करण का उपयोग कर रहे हैं, तो चिंता न करें – आप Excel 2010 में अभी भी पुरानी कार्यपुस्तिकाएँ को खोल सकते हैं और संपादित कर सकते हैं और जिनके पास अभी तक Excel 2010 नहीं है अपनी फ़ाइलों को उनके साथ साझा कर सकते हैं.

Excel 2010 में...	क्या होता है?	मुझे क्या करना चाहिए?
Excel 2003 में बनाई गई कोई कार्यपुस्तिका खोलें.	Excel 2010 प्रोग्राम विंडो में, आपको शीर्षक पट्टी पर फ़ाइल नाम के पास [संगतता मोड] शब्द दिखाई देंगे. विक्रय विश्लेषण.xls [संगतता मोड] - Microsoft Excel यह आपको बताता है कि आप Excel 2010 में होने पर भी, आप पुराने फ़ाइल स्वरूप में तकनीकी रुप से कार्य कर सकते हैं और यह कि आप जब तक उस फ़ाइल को 2010 फ़ाइल स्वरुप में कनवर्ट नहीं करते तब तक Excel 2010 सुविधाएँ जैसे कि स्पार्कलाइंस, बड़ी पंक्ति और स्तंभ सीमाओं का उपयोग नहीं कर पाएँगे.	संगतता मोड से बाहर आने के लिए और 2003 फ़ाइल को नए Excel 2010 स्वरुप में कनवर्ट करने के लिए, **फ़ाइल** टैब पर क्लिक करें और फिर **जानकारी** पर क्लिक करें और फिर **कनवर्ट करें** पर क्लिक करें. आप अपनी फ़ाइल कनवर्ट करने से पहले, स्वयं से पूछें कि आपको अभी भी उन लोगों के साथ सहभागिता करने की आवश्यकता है, जो लोग अभी भी Excel 2003 (या कोई ओर पुराने संस्करण) का उपयोग करते हैं. यदि उत्तर हाँ है, तो हो सकता है कि आप संगतता मोड में कार्य करना जारी रखना चाहें इसलिए आप नई सुविधाओं का उपयोग करने के लिए आकर्षित नहीं होंगे, जो कि पुराने फ़ाइल स्वरुप में समर्थित नहीं हैं.
अपनी कार्यपुस्तिका Excel 2010 फ़ाइल स्वरुप में सहेजें.	यदि कोई व्यक्ति कार्यपुस्तिका को Excel 2003 में खोलता है, तो निःशुल्क संगतता पैक (बशर्ते कि नवीनतम पैचेस और सर्विस पैक्स पहले से ही स्थापित हों) डाउनलोड करने के लिए लिंक वाला एक संकेत दिखाई देता है. Excel 2010 में कार्यपुस्तिकाएँ खोलने और सहभागिता के लिए Excel 2003 के लिए संगतता पैक आवश्यक है. यदि आपने अपनी कार्यपुस्तिका में नई Excel 2010 सुविधाओं या स्वरुपण का उपयोग किया है, जैसे स्पार्कलाइंस या नये प्रकार के सशर्त स्वरूपण चिह्न, तो Excel 2003 उपयोगकर्ता असमर्थित सुविधाओं के बारे में चेतावनी देख सकते हैं या स्वरुपण अथवा सुविधा फ़ाइल में दिखाई नहीं देगी.	यदि आप सोचते हैं कि Excel 2003 उपयोगकर्ताओं को आपकी Excel 2010 कार्यपुस्तिका में सहभागिता करने की आवश्यकता हो सकती है, तो फ़ाइल उनके लिए ठीक से कार्य करे, यह सुनिश्चित करने के लिए आपको संगतता परीक्षक चलाना चाहिए. संगतता जाँचने के लिए, **फ़ाइल** टैब क्लिक करें, **जानकारी** पर क्लिक करें **समस्याओं के लिए जाँचें** पर क्लिक करें और **संगतता जाँचें** पर क्लिक करें. उपकरण आपको बताता है कि Excel 2010 की कौन सी नई सुविधाएँ पुराने संस्करणों मे समर्थित नहीं है. Excel 2003 में चेतावनी से बचने के लिए आप बाद में यह निर्धारित कर सकते है कि ये सुविधाएँ निकालें या नहीं.
अपनी कार्यपुस्तिका Excel 2003 फ़ाइल के रुप में सहेजें.	यदि कोई व्यक्ति कार्यपुस्तिका को Excel 2003 में खोलता है, तो कार्यपुस्तिका सामान्य रुप से खुलेगी – कोई संगतता पैक की आवश्यकता नहीं है. यदि आपने अपनी कार्यपुस्तिका में नई Excel 2010 सुविधाओं या स्वरुपण का उपयोग किया है, जैसे स्पार्कलाइंस या नये प्रकार के सशर्त स्वरूपण चिह्न, तो Excel 2003 उपयोगकर्ता असमर्थित सुविधाओं के बारे में चेतावनी देख सकते हैं या स्वरुपण अथवा सुविधा फ़ाइल में दिखाई नहीं देगी.	आवश्यक रुप से, आपको कुछ भी नहीं करना पड़ेगा. जब आप अपनी फ़ाइल पुराने Excel 2003 फ़ाइल स्वरूप में सहेजते हैं, तो संगतता परीक्षक स्वचलित रूप से चलेगा और आपको सभी असमर्थित सुविधाओं के लिए चेतावनी देगा. आप बाद में फ़ाइल में कोई भी आवश्यक डिज़ाइन परिवर्तन कर सकते हैं.

Microsoft®

Excel 2003 से Excel 2010 में माइग्रेट करना

उन्नत सुविधाएँ ढूँढ़ें

यदि आप मैक्रोज़, प्रपत्रों और XML या VBA समाधानों को डिज़ाइन करने के लिए Excel 2010 का उपयोग नियमित रुप से करना चाहते है, तो आप Excel रिबन में **डेवलपर** टैब जोड़ सकते हैं.



रिबन पर, **फ़ाइल** टैब क्लिक करें और फिर **विकल्प** पर क्लिक करें. **Excel विकल्प** संवाद बॉक्स में, **रिबन अनुकूलित करें** क्लिक करें और फिर दाईं ओर प्रकट होने वाली सूची में **डेवलपर** चेक बॉक्स का चयन करें. **Excel विकल्प** संवाद बॉक्स बंद करने के लिए **ठीक** पर क्लिक करें.



डेवलपर टैब अब रिबन पर **दृश्य** टैब के दाईं ओर दिखाई देता है.

युक्ति यदि आप सभी लोग Excel 2010 में मैक्रो रिकॉर्ड करना चाहें, तो आपको **डेवलपर** टैब जोड़ने की आवश्यकता नहीं है. केवल **दृश्य** टैब पर क्लिक करें और तब दाईं ओर **मैक्रोज़** समूह खोजें.

Solver या अन्य ऐड-इन्स सक्षम करें

Excel 2010 विभिन्न ऐड-इन्स – पोग्राम्स होते हैं, जो अतिरिक्त कार्यक्षमता प्रदान करने के लिए Excel में प्लग किए हुए हैं. इसमें विश्लेषण टूलपैक और Solver का अद्यतन किया गया संस्करण शामिल है. हालाँकि, ये और अन्य ऐड-इन्स को आप जब तक सक्षम नहीं करते, तब तक वे रिबन पर दिखाई नहीं देंगे.

आप इन दो में से किसी एक प्रकार से Excel ऐड-इन्स को प्रबंधित कर सकते हैं:

- यदि आपने **डेवलपर** टैब सक्षम किया हो (बाईं ओर दिए वर्णन अनुसार), तो उसे क्लिक करें और फिर **ऐड-इन्स** समूह खोजें. आगे, **ऐड-इन्स** को **ऐड-इन्स** संवाद बॉक्स खोलने के लिए पर क्लिक करें.
- वैकल्पिक रूप से, **फ़ाइल** टैब क्लिक करें और फिर **विकल्प** पर क्लिक करें. **Excel विकल्प** संवाद बॉक्स में, **ऐड-इन्स** पर क्लिक करें. स्क्रीन के नीचे की ओर **प्रबंधित करें** बॉक्स खोजें. यह सुनिश्चित करें कि **Excel ऐड-इन्स** चयनित है और फिर **जाएँ** पर क्लिक करें.



ऐड-इन्स संवाद बॉक्स में, **विश्लेषण टूलपैक** और **Solver ऐड-इन** चेक बक्से (और अन्य इच्छित बॉक्स भी) चयन करें, और फिर **ठीक** पर क्लिक करें. एक बार सक्षम हो जाने पर, विश्लेषण टूलपैक और **Solver** ऐड-इन्स **डेटा** टैब पर, **विश्लेषण** समूह में प्रकट होते हैं.